# Script for Van Emcee - Viksit Bharat Sankalp Yatra

**नमस्कार**

**भाइयों एव बहनों और प्यारे बच्चों**

**सबको मेरा प्रणाम**

**आप सभी के आशीर्वाद से हमारी सरकार ने विकास के एक महत्वपूर्ण सोपान को पार कर लिया है। विकसित भारत से आपको परिचित कराने के लिए हमारी सरकार एक संकल्प यात्रा पूरे देश में आयोजित कर रही है। मैं आप सभी का इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्वागत करता हूं! यह यात्रा भारत की सभी ग्राम पंचायतों में जाएगी और सभी को भारत सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं से हुए परिणामों के बारे में बताएगी। इससे आप इन योजनाओं से होने वाले लाभ से तो परिचित हो ही जाएंगे साथ जिन नागरिकों को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिला है वे भी इसका लाभ उठाने के प्रति जागरूक हो जाएंगे।**

**ये यात्रा देश की लगभग 2.7 लाख ग्राम पंचायतों तक पहुंचकर जनसामान्य व सरकार के बीच की दूरी को कम करेगी। यह पहली बार है जब सरकार आपके दरवाजे तक पहुंच रही हैं।**
**यह यात्रा आप सभी को बताने के लिए है कि सभी नागरिक सरकारी योजनाओं के हकदार हैं! इन योजनाओं के क्या लाभ है ? योजना से कैसे जुड़ें? कहां पर आवेदन देना है ? ये सब हम आपको आपकी पंचायत में आकर बताएंगे। आप के हक को आपके घर तक पहुँचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आरम्भ हुआ है।**

**इस यात्रा का उद्देश्य हर विभाग को हमारे साथ जोड़ना ,हर एक को घर ,अनाज, रसोई गैस , लोन, पढ़ाई, दवाई, नल, जल, शौचालय, का हक दिलाना है।**

**हर एक भाई/बहिन, बड़े या छोटे, बच्चे या बूढ़े :- क्या आप भारत माता को विकसत बनाने के लिए तैयार हैं ?**

**यदि हां तो तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत समिति का सादर अभिनन्दन कीजिए और पूरे देश को 2047 के विकसित भारत की ओर अग्रसर, कीजिये !**

**Swagat Geet**

**इस यात्रा के उद्देश्य क्या हे ?**

**क :वंचितों तक पहुंचना: उन वंचितों तक पहुंचा जा सके जो विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र (योग्य ) तो हैं लेकिन अभी तक उनको योजना का लाभ नहीं मिला हे ।**

**खः प्रमुख योजनाओं का प्रसारः आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना - एनआरएलएम, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा, पीएम किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल, जन धन योजना जैसी योजनाओं के बारे में जानकारी का प्रसार और जागरूकता पैदा करना।**

**ग : विभिन्न योजनाओं में वंचितों का नामांकन दर्ज करना: मैं आशा करता हूं कि जो लोग योजनाओं के लिए योग्य हैं और अब तक इन योजनाओं का लाभ नहीं मिला है वे इन योजनाओं के लिए आवदेन देंगे और योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन और अपने परिवार को लाभान्वित करेंगे !**

**यात्रा का शुभारंभ 15 नवंबर, 2023 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी द्वारा किया गया था। शुभारंभ में सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) VAN को हरी झंडी से रवाना किया गया था ! आज ये VAN हमारी ग्राम पंचायत में पहुंची है । इस VAN में आपकी भाषा में ऑडियो विजुअल,**

ब्रोशर, पैम्फलेट, बुकलेट है जिनके माध्यम से आप भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ले सकते हैं !

**Slogan : आपके द्वार भारत सरकार ! आओ करें आवेदन ताकि आप भी ले योजनाओं के लाभ !**

1 जैसा कि अभी आपको बताया गया की इस यात्रा का उद्देश्य है की जिन योजनाओं के आप (योग्य) हैं उन योजनाओं का आपको लाभार्थी बनाया जाये ! तो चलिए करते है इस यात्रा का शुभारम्भ!

2. प्रथम हम हमारे यशस्वी एवं प्रिय प्रधान मंत्री जी का हम सबके लिए संदेश सुनेंगे ! प्रिय प्रधान मंत्री जी आप

सभी से बात करेंगे ! सभी लोग एकाग्र होकर माननीय प्रधान मंत्री जी का संदेश सुनें

(Recorded message of Hon'ble Prime Minister)

3. जैसा कि आपको पता है कि हमारे यशस्वी एवं प्रिय प्रधान मंत्री जी विकसित भारत का संकल्प जन जन तक विकसत भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से पहुंचा रहे हैं ताकि हम सभी अपनी भागीदारी विकसित भारत में सुनिश्चित करे और विकसित भारत में अपने योगदान के लिए संकल्प करें I आयो करें संकल्प हम विकसित त भारत का !

**Sankalp ( Pledge)**

4. अब हम विकसित भारत पर एक लघु फिल्म देखेंगे ! आपका , हमारा, हम सभी का विकसित भारत कैसे होगा इसकी एक झलक इस लघु फिल्म में आपको मिलेगी ! मैं आशा करता हूं कि आप न केवल ध्यानपूर्वक इस लघु फिल्म को देखेंगे बल्कि विकसित भारत के संकल्प को सुदृढ़ बनाएंगे

Sankalp (pledge) video on Viksit Bharat
Opening Movie: To be Added

5. 'मेरी कहानी, मेरी जुबानी' - आज हमारे बीच में भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं के हकदार लाभार्थी भाई एवं बहने भी है ! आइये जाने इनकी परिवर्तन कहानी इनकी ही जुबानी ! इन्होने किस तरह योजना के लिए आवेदन दिया ! कैसे योजना का लाभ लिया ! योजना लेने  के उपरांत इनके जीवन में आये परिवर्तन ! योजना के क्या सकारात्मक प्रभाव रहे ! तो चलिए सुनते हैं। इनके अनुभव इनकी जुबानी ।

**(Meri Kahani Meri Zubani - Successful beneficiaries of schemes to share their experiences)**

6. विकसित भारत, संकल्प यात्रा की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए हम सतत कृषि गतिविधियों पर एक सत्र आयोजित करेंगे जिसमें ड्रोन प्रदर्शन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती पर प्रगतिशील किसानों के साथ बातचीत करेंगे ।

आज आप ये भी जानेंगे कि किस तरह  सतत कृषि करने वाले किसान भाइयों ने न केवल कृषि सतत पद्धति  से उच्चतम फसल ली बल्कि नयी कृषि टेक्नोलॉजीज के उपयोग से अपना व्यय भी काम किया हे !

**Session on Satat Krishi Activities:**

**-Drone demonstration,**

अपना और पर्यावरण सुस्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक खेती का कोई विकल्प नहीं। प्राचीन ज्ञान और कृषि सिद्धांतों में निहित है प्राकृतिक खेती। इससे जैव विविधता बढ़ती है, मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है! आइये सुनते है हमारे प्राकृतिक खेती करने वाले किसानो से कैसे उन्होंने हानिकारक रसायनों को अलविदा कहके प्राकृतिक पद्धति से पौष्टिक उपज पैदा करते है।

**-Interaction with progressive farmers on Natural Farming**

आइए एक ऐसे भविष्य का निर्माण करें जहां कृषि और प्रकृति साथ-साथ विकसित हों।

अपने स्वस्थ का हम काफी ध्यान रखते है… लेकिन क्या आप अपने खेत की मिट्टी का भी वैसा ही ध्यान रखते है? धरती हमारी माँ है, उनका ख्याल रखना हमारा फ़र्ज़ है… और जैसे हमारे माता को हम डॉक्टर के पास ले जाकर नियमित जांच करवाते है, हेल्थ का रिपोर्ट बनवाते है - वैसे ही मृदा स्वस्थ कार्ड या सोएल हेल्थ कार्ड हमारी धरती माँ की सेहत का रिपोर्ट है।

आप मृदा स्वास्थ्य कार्ड द्वारा अपनी मिट्टी की स्वस्थ को समझकर, फसल उत्पादकता बढ़ा सकते हैं और इनपुट लागत कम कर सकते है। आइये सुनते है मृदा स्वस्थ कार्ड का क्या लाभ मिलता है हमारे किसानो/ विज्ञानिको से…

- Soil Health Card Demonstration

7. भाइयों एवं बहनों, कृपया महिला समूह /स्कूल के छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों - 'धरती कहे पुकार के' गीत के साथ साथ गुनगुनाकर गीत का का आनंद लें। और साथ ही धरती मां को जहर मुक्त करने का संकल्प करे !

Cultural Performances - 'Dharti Kahe Pukar ke', by women SHG Members/ school students/ Local Artists

8. हम अब ऑन द स्पॉट क्विज़ आयोजित करने जा रहे हैं। आप सभी से अनुरोध है कि बिना किसी हिचकिचाहट के क्विज़ में बढ़चढ़कर भाग लें ! क्विज के विजेताओं को पुरस्कार भी दिए जायेंगे !

On spot Quiz

9. इसके बाद, हम अपनी ग्राम पंचायत की महत्वपूर्ण उपलब्धियों (भूमि रिकॉर्ड का 100% डिजिटलीकरण, ओडीएफ+ स्थिति, जल जीवन मिशन की संतृप्ति) पर प्रकाश डालते हुए एक संक्षिप्त जानकारी देंगे। आपको यह जानकर बहुत हर्ष होगा कि आज अपनी ग्राम पंचायत को (भूमि रिकॉर्ड का 100% डिजिटलीकरण,

ओडीएफ+ स्थिति, जल जीवन मिशन की संतृप्ति) का प्रमाण पत्र प्रशासन द्वारा दिया जाएगा

**Celebration of Achievements of GP - 100% digitisation of land records, ODF+ status, saturation of Jal Jeevan Mission, etc.**

10. फेलिसिटेशन : अब हम समाज में अपने सराहनीय कार्यों से परिवर्तन लाने वाली दीदियों का ,स्थानीय खिलाड़ियों आदि का स्वागत और हार्दिक अभिनंदन करते हे ! आपने अपनी मेहनत और समर्पण से समाज को गर्वित किया है। आपकी उपलब्धियां आपके प्रयासों का परिणाम है हम सब आपके सम्मान में आपके साथ खड़े हैं !

**Felicitation: To be Added**

11. विकसित भारत संकल्प यात्रा के इस अवसर पर सरकार ने स्वास्थ्य शिविरों की ऑन स्पॉट सेवाओं का आयोजन किया है। कोई भी व्यक्ति मौके पर ही अपनी शुगर, बीपी स्तर और नियमित स्वास्थ्य की जांच करवा सकता है। टीबी की स्क्रीनिंग भी की जा रही है। आप सभी इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। (जनजातीय ) क्षेत्रों में भारत सरकार सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग और एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में नामांकन का आयोजन कर रही है ।जो लोग अपना और अपने परिवार का आयुष्मान (स्वस्थ्य बीमा) कार्ड बनवाना चाहते हैं, वे मौके पर ही बनवा सकते हैं। जो लोग पीएम उज्ज्वला ( रसोई गैस ) के लिए नामांकन करना चाहते हैं या अपना विवरण अपडेट करना चाहते हैं वे इसे यहीं पर करा सकते हैं। जो लोग मेरा भारत वालंटियर में अपना नामांकन और केसीसी में नामांकन (जैसा लागू हो) दर्ज करना चाहते हैं वे इसे यहीं पर करा सकते हैं। ये सभी सेवाएं आज आप अपने दरवाजे पे / ग्राम पंचायत ले सकते हैं!

यदि आप 15 से 29 वर्ष के बीच के युवा नागरिक हैं, तो माई भारत वालंटियर में अपना नामांकन दर्ज करा सकते हे ! माई भारत वालंटियर योजना आपके अपने

प्रोफेशन में प्रगति करने और एक सकारात्मक व्यक्तित्व विकसित करने का एक उत्कृष्ट अवसर है। आप माई भारत में व्यावसायिक स्किल्स , युवा नेतृत्व और सामुदायिक भागीदारी की संभावनाओं के बारे में जान सकते हैं। युवाओं से अनुरोध हे की वो बड़ चढ़कर माई भारत में नामांकन दर्ज कराएं और राष्ट्रीय महत्व की गतिविधियों में भाग लेकर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दें।

**On-Spot Services - Health camps (TB Screening, Sickle Cell Anaemia Screening in Tribal Areas), PM Ujjwala new enrolment and biometric authentication, MY BHARAT volunteer & KCC enrolment**

**समापन (Concluding Remark):**

अंत में, मैं यह कहना चाहता हूं कि हम सबके प्रिय प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदीजी के कुशल नेतृत्व में भारत सरकार देश के सभी नागरिकों के कल्याण, उत्थान और सशक्तिकरण के लिए समर्पित है।

**Disclaimer: This document is a preliminary draft template intended for review and consideration. The Master of Ceremonies (MC) is granted the flexibility to adopt or adapt this script as deemed necessary for effective engagement and program management. The MC is empowered to anchor the program in alignment with their preferences or to accommodate the prevailing on-site conditions.**